आईओसी मथुरा में देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र लगाएगी

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) भविष्य में स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मथुरा रिफाइनरी में देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र लगाएगी।

आईओसी के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा कि कंपनी ने एक रणनीतिक वृद्धि योजना बनाई है। इसका मकसद 10 वर्षों में पेट्रोकेमिकल्स, हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में पैठ बनाने के साथ अपने मुख्य रिफाइनिंग और ईंधन विपणन कारोबार पर ध्यान केंद्रित करना है। हमारे पास राजस्थान

में एक पवन ऊर्जा परियोजना है। उस बिजली को मथुरा रिफाइनरी तक पहुंचाएंगे और उस का उपयोग इलेक्ट्रोलिसिस के जरिए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन होगा। इसलिए कंपनी पायलट आधार पर कई हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। एजेंसी